an>

title: Need to improve road connectivity in Supaul parliamentary constituency, Bihar.

श्रीमती रंजीत रंजन (सुपौल)ः मेरे संसदीय क्षेत्र सुपौल (बिहार) जिला के अंतर्गत मरौना प्रखंड के मरौना-निर्मली मुख्य सड़क बृह्मोत्तर से मंगासिंहौल जाने वाली पथ की स्थिति काफी खराब हो गई है। प्रायः प्रतिदिन कोई न कोई दुर्घटना होती रहती हैं एवं इस पथ पर बलान नदी के बृह्मोत्तर घाट पर पुल नहीं रहने से इस क्षेत्र की बड़ी आबादी के लिए आवागमन हेतु नाव ही एकमात्र सहारा है। इस नदी के पूर्व भाग में मरौना प्रखंड के करीब चालीस हजार की आबादी अवस्थित है जिन्हें पुल के अभाव में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है एवं प्रतिवर्ष नाव दुर्घटना में सैकड़ों लोग पानी में डूबकर मरते हैं। ऐसी परिस्थिति में बृह्मोत्तर से मंगासिंहौल तक पथ निर्माण एवं बृह्मोत्तर घाट पर पुल आवश्यक है एवं मधुबनी जिला सीमा से परसौनी मंगासिंहौल होते हुए मध्य विद्यालय गिदराही होते हुए परिकोच तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क जाती है, इसकी स्थिति भी काफी खराब है। इस सड़क के बनने से इस इलाके के करीब 30 हजार की आबादी को आवागमन का फायदा मिलेगा जो कि जनहित में अति आवश्यक है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त दोनों सड़क जो क्रमशः बृह्मोत्तर से मंगासिंहौल एवं मधुबनी जिला सीमा परसोनी से मध्य विद्यालय गिदराही होते हुए परिकोंच प्रधानमंत्री सड़क तक सड़क एवं बलान नदी के बृह्मोत्तर घाट पर पुल बनावाया जाए ताकि आमजनों को हो रही परेशानी एवं प्रत्येक साल होने वाली दुर्घटना एवं नाव डूबने से हो रही मौतों से छुटकारा मिल सके।